# राजकीय महाविद्यालय, सांपला (रोहतक)

# वार्षिक प्रतिवेदन 2024-2025

## दीक्षांत एवं वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह
## दिनांक 29 अप्रैल, 2026

मुख्य अतिथि

## डॉ. सन्दीप बंसल

रजिस्ट्रार, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक

विशिष्ट अतिथि

## डॉ. जगबीर राठी

पूर्व डी.वाई.डब्ल्यू, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय एवं प्रख्यात लोक कलाकार

## श्री जोगिन्द्र शर्मा

डी.एस.पी., हरियाणा पुलिस एवं अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी

प्रस्तुतकर्त्ता : डॉ. परम भूषण आर्य HES-1
प्राचार्य

## *प्राचार्य संदेश*

प्रिय छात्रों एवं छात्राओं,

महाविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट के माध्यम से मैं आपके परिश्रम, समर्पण एवं उपलब्धियों की सराहना करता हूँ। आपने शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। महाविद्यालय का उद्देश्य केवल ज्ञान प्रदान करना ही नहीं, बल्कि आपको आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी एवं संस्कारवान नागरिक बनाना है। आपने शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के साथ-साथ खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों, समाज सेवा और नवाचार में भी अपनी क्षमताओं का परिचय दिया है।

आपसे मेरी अपेक्षा है कि आप अनुशासन, समयपालन एवं नैतिक मूल्यों को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाए रखें। कठिन परिश्रम, सकारात्मक सोच एवं दृढ़ संकल्प ही सफलता की कुंजी है। मैं आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ तथा आशा करता हूँ कि आप सदैव अपने महाविद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

***डॉ. परमभूषण आर्य***

**(HES-1)**

## *शहीद राय सिंह राजकीय महाविद्यालय : एक संक्षिप्त परिचय'*

रोहतक जिले के ग्रामीण अंचल में रहने वाले लड़के एवं लड़कियों को उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से 'सांपला खंड' में हरियाणा सरकार ने 'वर्ष 2013' में राजकीय महाविद्यालय की स्थापना करने का निर्णय लिया और '24 मई, 2013' से सत्र 2013-14 प्रारम्भ करने की अनुमति दी तथा ग्रामीण परिवेश के लड़के एवं लड़कियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे आने का मौका देकर इस इलाके को कृतार्थ किया।

यह महाविद्यालय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 10 से 'बेरी' जाने वाले मार्ग पर 12 एकड़ के परिसर में फैला हुआ है। महाविद्यालय के प्रारम्भिक सत्र में 175 छात्र-छात्राओं के प्रवेश से लेकर निरंतर बढ़ोतरी करते हुए आज वर्तमान में संख्या '810' होना यह उद्घाटित करता है कि बेरोजगारी और अनपढ़ता को खत्म करके शिक्षा के दीप को प्रज्वलित करने में महाविद्यालय 'सदैव' अग्रणी रहा है।

इस महाविद्यालय से विद्यार्थी कला और वाणिज्य से स्नातक, हिन्दी, भूगोल और वाणिज्य संकाय विषय में स्नातकोत्तर की डिग्री अर्जित कर सकते हैं।

# महाविद्यालय का बुनियादी ढांचा

महाविद्यालय में '5 स्मार्ट रूम' है और '32 सी.सी.टी.वी. कैमरे' लगे हुए हैं। हाउस Examination, SC/ST Cell, स्पोर्ट्स, N.S.S., ICC, पैंट्री रूम, प्लेसमेंट सेल, शारीरिक रूप से विकलांग विद्यार्थियों के लिए 'रैम्प और टॉयलेट' की अलग से सुविधा है। वाटर कूलर विद अटैच प्यूरीफाई सिस्टम, विद्यार्थियों को पानी की सुविधा के लिए उपलब्ध करवाया गया है। स्टाफ और स्टूडेंट्स के वाहनों की पार्किंग के लिए महाविद्यालय में 'शेड सहित पार्किंग' उपलब्ध है।

# महाविद्यालय स्टाफ

प्राचार्य : डॉ. परम भूषण आर्य (HES-1)

# रेगुलर टीचिंग स्टाफ

| क्रमांक | नाम | पद | विभाग |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. अंकिता बेनिवाल | एसोसिएट प्रोफेसर | अंग्रेजी |
| 2. | श्री पवन कुमार | एसोसिएट प्रोफेसर | इतिहास |
| 3. | डॉ. हरदीप सिंह | एसोसिएट प्रोफेसर | अंग्रेजी |
| 4. | डॉ. दीपक लठवाल | एसोसिएट प्रोफेसर | अंग्रेजी |
| 5. | श्रीमती निधि | असिस्टेंट प्रोफेसर | भूगोल |
| 6. | श्री अशोक कुमार | असिस्टेंट प्रोफेसर | गणित |
| 7. | डॉ. जयपाल | असिस्टेंट प्रोफेसर | शारीरिक शिक्षा |
| 8. | डॉ. सुमन देवी | असिस्टेंट प्रोफेसर | वाणिज्य |
| 9. | कुमारी प्रीति इष्टकान | असिस्टेंट प्रोफेसर | वाणिज्य |
| 10. | डॉ. आशा रानी | असिस्टेंट प्रोफेसर | गणित |
| 11. | डॉ. सुरेश कुमार | असिस्टेंट प्रोफेसर | हिन्दी |

# एक्सटेंशन टीचिंग स्टाफ

| क्रमांक | नाम | पद | विभाग |
|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती मन्तल देवी | एक्सटेंशन लेक्चरर | हिंदी |
| 2. | डॉ. प्रतिभा | एक्सटेंशन लेक्चरर | राजनीतिक विज्ञान |
| 3. | श्रीमती प्रीति | एक्सटेंशन लेक्चरर | भूगोल |
| 4. | श्री अनिल कुमार | एक्सटेंशन लेक्चरर | भूगोल |
| 5. | डॉ. प्रीति चिल्लर | एक्सटेंशन लेक्चरर | वाणिज्य |
| 6. | डॉ. अंकिता | एक्सटेंशन लेक्चरर | वाणिज्य |
| 7. | डॉ. नीरज | एक्सटेंशन लेक्चरर | भूगोल |

# नॉन टीचिंग स्टाफ

| क्र. | नाम | पद |
|---|---|---|
| 1. | श्री पवन कुमार | लिपिक कम डाटा एंट्री ऑपरेटर |
| 2. | श्री आनन्द सिंह | लिपिक कम डाटा एंट्री ऑपरेटर |
| 3. | श्री नितिन कुमार | कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर |
| 4. | श्रीमती मीना देवी | मुख्य सहायक |
| 5. | श्रीमती आशा | स्वीपर |
| 6. | श्री बीरबल सिंह | स्वीपर कम चौकीदार |
| 7. | श्री नवीन | माली कम चौकीदार |
| 8. | श्री भूपेन्द्र | चौकीदार |

# महाविद्यालय परीक्षा परिणाम (सत्र 2024-25)

दस्तावेज के अनुसार, बी.ए., बी.कॉम, एम.कॉम, और एम.ए. (हिन्दी/भूगोल) की विभिन्न कक्षाओं के परीक्षा परिणाम निम्नलिखित हैं :

| क्र. | कक्षा | कुल विद्यार्थी | पास विद्यार्थी | फेल विद्यार्थी | कॉलेज पास |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बी.ए. तृतीय वर्ष | 186 | 105 | 81 | 57% |
| 2. | बी.कॉम तृतीय वर्ष | 23 | 20 | 3 | 87% |
| 3. | एम.ए. द्वितीय वर्ष (हिन्दी) | 32 | 32 | 0 | 100% |
| 4. | एम.ए. द्वितीय वर्ष (भूगोल) | 31 | 25 | 6 | 81% |
| 5. | एम.कॉम द्वितीय वर्ष | 21 | 18 | 3 | 86% |

# दीक्षांत समारोह

महाविद्यालय में 'द्वितीय दीक्षांत समारोह' का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मुख्य अतिथि महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के कुलसचिव 'प्रोफेसर सन्दीप बन्सल' और विशिष्ट अतिथि 'डॉ. जगबीर राठी, पूर्व युवा कल्याण निदेशक  राजेश जैन, प्रबन्ध निदेशक एल.पी.एस बोसाईड रोहतक व 'जोगिन्द्र शर्मा' डी.एस.पी. हरियाणा पुलिस होंगे। वे वर्ष 2024-25 में उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को स्नातक एवं स्नातकोत्तर की उपाधि से सम्मानित करेंगे।

# वित्त-अनुदेशक

महाविद्यालय में वित्त अनुदेशक का कार्य 'डॉ. सुमन देवी' की देखरेख में हो रहा है, जो कि अपने कर्तव्य का पालन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कर रही हैं।

# महाविद्यालय पुस्तकालय

पुस्तकालय को शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ की हड्डी माना जाता है क्योंकि यह ज्ञान का भंडार है और छात्रों व शिक्षकों को आत्म-अध्ययन, शोध और बौद्धिक विकास के लिए संसाधन प्रदान करता है। यह औपचारिक व अनौपचारिक शिक्षा के बीच एक पुल का काम करता है। इस भूमिका को सुदृढ़ करने के लिए हमारे पुस्तकालय में करीब '4159 पुस्तकें' हैं। महाविद्यालय का पुस्तकालय 'डॉ. दीपक लठवाल' के मार्गदर्शन में पूर्णतया ऑनलाइन संचालित है। एक समय पर पुस्तकालय में 150 विद्यार्थी बैठकर अध्ययन कर सकते हैं।

छात्र-छात्राओं के ज्ञान में वृद्धि व प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने के लिए उच्चतर शिक्षा निदेशालय द्वारा राष्ट्रीय स्तर की साप्ताहिक व मासिक पत्रिकाएं उपलब्ध करवाई गई है। छात्रों व छात्राओं को उचित वातावरण मुहैया करवाने के लिए लाइब्रेरी में 'वातानुकुलन की सुविधा' उपलब्ध करवाई गई है।

## *कम्प्यूटर प्रयोगशाला*

महाविद्यालय में एक सुव्यवस्थित कम्प्यूटर प्रयोगशाला है जिसमें '20 कम्प्यूटर' रखे हुए हैं। 'डॉ. जयपाल' इस प्रयोगशाला के नोडल अधिकारी हैं जिनकी देखरेख में एक कम्प्यूटर अनुदेशक 'श्री नितिन कुमार' अपनी सेवाएं दे रहे हैं। महाविद्यालय की कम्प्यूटर लैब पूर्ण रूप से इंटरनेट, एयर कंडीशन व पावर बैकअप की सुविधा से लैस है।

## *राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद* (NAAC)

महाविद्यालय को (UGC की धारा 2F ) के अन्तर्गत मान्यता प्राप्त है।

डॉ. अंकिता बेनीवाल इस प्रकोष्ठ की प्रभारी हैं। समिति के अन्य सदस्यों में श्री पवन कुमार, डॉ. हरदीप सिंह, कुमारी प्रीति इष्टकान, डॉ. आशा रानी और श्री सुरेश कुमार शामिल हैं। यह प्रकोष्ठ महाविद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता को बनाए रखने और UGC व NAAC के मानकों के अनुसार आवश्यक दस्तावेजीकरण सुनिश्चित करने का कार्य करता है।

## *आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ* (IQAC)

महाविद्यालय की शैक्षणिक और प्रशासनिक गुणवत्ता को निरन्तर बेहतर बनाने के लिए 'आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ' (IQAC) पूरी निष्ठा से कार्यरत है। इस सेल की अध्यक्षता स्वयं महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा की जाती है, जिनके साथ समन्वयक और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ सदस्य शामिल होते हैं।

IQAC की समिति महाविद्यालय के वार्षिक कार्यों की समीक्षा करने और भविष्य की रणनीतियाँ तैयार करने के लिए प्रतिवर्ष बैठक आयोजित करती है। वर्तमान समिति में 'डॉ.अंकिता बेनीवाल (संयोजक)' के कुशल नेतृत्व में 'श्री पवन कुमार (सदस्य),' 'डॉ. हरदीप सिंह (सदस्य),' 'श्री पंकज गुप्ता (उद्योगपति)', 'श्री प्रवीण कुमार (पूर्व छात्र)' और 'श्री मधुकांत (समाजसेवी)' सक्रिय सदस्य के रूप में अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। वित्तीय प्रबन्धन और सामाजिक क्षेत्र के इन अनुभवी सदस्यों का मार्गदर्शन कॉलेज के सर्वांगीण विकास और उच्च मानकों को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## NSS (National Service Scheme)

महाविद्यालय की NSS इकाई ने इस वर्ष सेवा और सामाजिक सरोकार की दिशा में सराहनीय कार्य किए हैं। इकाई द्वारा परिसर में तीन एक-दिवसीय कैंप आयोजित किए गए, जिसके तहत व्यापक स्वच्छता अभियान चलाकर खरपतवार हटाई गई और लॉन में फूलों के पौधे लगाए गए। सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और मानवीय सेवा के लिए 30 स्वयंसेवकों ने विभिन्न शिविरों में रक्तदान किया।

जिन्हें कॉलेज प्रशासन द्वारा हेलमेट भेंट कर सम्मानित किया। इसी क्रम में 19 से 25 मार्च, 2025 तक 'खेड़ी सांपला' के शिव मंदिर में सात-दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन हुआ। इसमें '50 स्वयंसेवकों' ने हिस्सा लिया, जिन्हें NSS यूनिट की ओर से टी-शर्ट और टोपी प्रदान की गई।

शिविर के दौरान गाँव में 'रक्तदान', 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ', 'प्लास्टिक मुक्त भारत', 'मोबाइल का सीमित उपयोग' और 'तम्बाकू निषेध' जैसे विषयों पर जागरूकता अभियान चलाए गए। इसके अतिरिक्त 27 मई, 2025 को क्षेत्रीय निदेशालय NSS, नई दिल्ली के सहयोग से 'स्वच्छता' पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें 100 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता 'प्रोफेसर राजेश धनखड़' (डीन, पर्यावरण विज्ञान) ने स्वच्छता ऑडिट के महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

इस अवसर पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विजेताओं को क्रमशः '500, 300 और 100 रूपये' के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ये गतिविधियाँ स्वयंसेवकों में नेतृत्व क्षमता और समाज सेवा की भावना को निरंतर सुदृढ़ कर रही हैं।

## छात्र शिकायत निवारण समिति

महाविद्यालय में छात्रों के हितों को सुरक्षित रखने और परिसर में पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'छात्र शिकायत निवारण समिति' का गठन किया गया। यह समिति एक सशक्त मंच के रूप में कार्य करती है जहाँ विद्यार्थी अपनी शैक्षणिक, प्रशासनिक या व्यक्तिगत समस्याओं और सुझावों को आधिकारिक रूप से साझा कर सकते हैं। इस समिति का कुशल संचालन 'श्री पवन कुमार (संयोजक)' के मार्गदर्शन में 'डॉ. अंकित बेनीवाल (सदस्य), 'डॉ. हरदीप राठी (सदस्य)' और छात्र समिति प्रतिनिधि 'श्री पारस (बी.ए. द्वितीय वर्ष)' द्वारा किया जा रहा है। समिति का प्राथमिक लक्ष्य छात्रों की शिकायतों का समय-बद्ध और निष्पक्ष समाधान करना तथा संस्थान व विद्यार्थियों के बीच संचार को सुदृढ़ बनाना है।

## प्लेसमेंट सेल

शैक्षणिक सत्र '2024-25' के दौरान प्लेसमेंट सेल द्वारा छात्राओं के रोजगारोन्मुखी कौशल, व्यक्तित्व विकास तथा कैरियर मार्गदर्शन हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

• '24 जनवरी 2024 : डॉ. दिनेश कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर, FGM राजकीय महाविद्यालय, आदमपुर (हिसार) ने विद्यार्थियों को 'आत्म-प्रबन्धन' के बारे में विस्तृत व्याख्यान दिया।

• '8 फरवरी 2024' प्रोफेसर दिव्या मल्हान, डायरेक्टर (C.P.C. IMSAR), M.D.U (रोहतक) ने 'स्ट्रेस मैनेजमेंट' पर विस्तृत व्याख्यान दिया।

• '10 फरवरी 2024' डॉ. सुनील गुप्ता, रजिस्ट्रार (सेंट्रल यूनिवर्सिटी), महेन्द्रगढ़ ने 'समय के सदुपयोग एवं सकारात्मक सोच' पर विस्तृत व्याख्यान दिया।

• '21 फरवरी 2024' प्लेसमेंट सेल प्रभारी कुमारी प्रीति और डॉ. सुमन देवी (वाणिज्य विभाग), असिस्टेंट प्रोफेसर, 34 विद्यार्थियों को भ्रमण के लिए 'पारले फैक्ट्री' लेकर गए। एसोसिएट एच.आर. मैनेजर 'श्रीमती हनिशा दलाल' ने विद्यार्थियों को प्रोडक्ट की पैकिंग के तरीके समझाए।

13 मार्च, 2024 को प्लेसमेंट सेल के द्वारा एक 'रोजगार मेले' का आयोजन किया गया। यह मेला एन.आई. आई.टी (NIIT) प्लेसमेंट ड्राइव द्वारा संचालित किया गया। इसके प्रथम चरण में 39 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इनमें से 30 विद्यार्थियों का साक्षात्कार पास हुआ। 30 में से 21 विद्यार्थियों ने लिखित परीक्षा के लिए फॉर्म भरे और अंत में '16 विद्यार्थी सफल हुए'।

5 दिसम्बर 2024 को 'मेधा फाउंडेशन', हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग के सहयोग से महाविद्यालय में एक 'इन्टर्नशिप' के संदर्भ में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। 24 फरवरी 2025 को 'प्लेसमेंट सेल' के तत्वावधान में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' पर मोहम्मद काशिफ अंसारी, असिस्टेंट प्रोफेसर, ओ.पी. जिन्दल ग्लोबल यूनिवर्सिटी, सोनीपत ने एक विस्तृत व्याख्यान दिया।

## महिला प्रकोष्ठ

राजकीय महाविद्यालय, सांपला में महिला प्रकोष्ठ प्रभारी 'डॉ. आशा रानी' के तत्वावधान में पॉट डेकोरेशन, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, कोलाज और निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया।

13 फरवरी, 2024 को डॉ. मीनू, एसोसिएट प्रोफेसर, इतिहास (राजकीय महिला महाविद्यालय, रोहतक) ने विद्यार्थियों में 'सकारात्मक दृष्टिकोण' बनाए रखने पर एक विस्तृत व्याख्यान दिया।

7 मार्च, 2024 को 'महिला प्रकोष्ठ' के तत्वावधान में 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' मनाया गया। 19 अक्टूबर 2024 को महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. आशा रानी के नेतृत्व में एक 'मेहंदी प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया।

15 फरवरी, 2025 को डॉ. कविता खन्ना, Director, Admission and Examinations, South Asian University, New Delhi के ''महिलाओं के लिए डिजिटल साक्षरता के महत्त्व पर'' विस्तृत व्याख्यान आयोजित करवाया गया। इस व्याख्यान में महिलाओं के लिए डिजिटल साक्षरता आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा नए अवसर और समाज में साइबर अपराध जैसे विषयों पर चर्चा की गई। 17 फरवरी, 2025 से 21 फरवरी, 2025 तक पाँच दिवसीय 'आत्म रक्षा शिविर' का आयोजन 'महिला प्रकोष्ठ' प्रभारी डॉ. आशा रानी के द्वारा किया गया। प्रशिक्षक पूजा ने छात्राओं को आत्म रक्षा के मूलभूत सिद्धांतों से अवगत करवाया। 27 फरवरी, 2025 को मटकी, दीया और वॉल हैंगिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन डॉ. आशा रानी की देखरेख में हुआ। इस तरह की प्रतियोगिताओं से छात्राओं में सृजनात्मकता की भावना का विकास हो रहा है।

## सांस्कृतिक गतिविधियाँ

प्रभारी डॉ. दीपक लठवाल के नेतृत्व में सांस्कृतिक गतिविधियों के अन्तर्गत दिनांक 15 फरवरी, 2024 को सांस्कृतिक कार्यक्रम 'कलरव' का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत पोस्टर मेकिंग, पेंटिंग, स्लोगन राइटिंग, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, कोलाज, रंगोली, क्ले मॉडलिंग, कविता पाठ प्रतियोगिता, भाषण, नृत्य प्रतियोगिता, नाटक, रागिनी, फैंसी ड्रेस, सोलो सांग, ग्रुप सांग आदि प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

10 व 11 फरवरी, 2025 को सांस्कृतिक कार्यक्रम 'कलरव' आयोजित करवाया गया। इसके अन्तर्गत अनेक प्रतियोगिताएं आकर्षण का केन्द्र रहीं। जैसे- रंगोली, कार्टूनिंग, स्लोगन, पोस्टर मेकिंग, मेहंदी और

मेकअप प्रतियोगिता।

रंगोली में दीपिका प्रथम, दिव्या द्वितीय, सुनीता व मीनू तृतीय स्थान पर रहीं। कार्टूनिंग प्रतियोगिता में योगेश प्रथम, वर्धन द्वितीय और अंशिका तृतीय स्थान पर रही। स्लोगन प्रतियोगिता में काजल प्रथम, योगेश द्वितीय और काजल व कविता तृतीय स्थान पर रहे। कविता प्रतियोगिता में काजल प्रथम, पिंकी द्वितीय व नीरज तृतीय स्थान पर रहे। संस्कृत श्लोक उच्चारण में सुनीता प्रथम काजल द्वितीय और दीपिका तृतीय स्थान पर रहे। वंदे मातरम की 150वीं सेलिब्रेशन के अंतर्गत समस्त महाविद्यालय द्वारा वंदे मातरम का उच्चारण किया गया। 16 व 17 अक्टूबर, 2025 को महाविद्यालय में 'प्रतिभा खोज प्रतियोगिता' कार्यक्रम का आयोजन डॉ. दीपक लठवाल के नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग, पेंटिंग, स्लोगन राइटिंग, कोलाज, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, कविता पाठ प्रतियोगिता, निबन्ध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता आदि प्रतियोगिताएं आकर्षण का केंद्र रही।

## Earn While You Learn

महाविद्यालय में एक कल्याणकारी योजना Earn While You Learn का उद्देश्य छात्र/छात्राओं में स्वावलम्बन की भावना को विकसित करना है। इस योजना के तहत 20 छात्र/छात्राओं को प्रभारी डॉ. हरदीप राठी, एसोसिएट प्रोफेसर अंग्रेजी विभाग की देखरेख में लाइब्रेरी, कार्यालय, भूगोल प्रयोगशाला और कंप्यूटर लैब में कार्य दिया गया।

## Youth Red Cross *(यूथ रेड क्रॉस)*

- YRC के नोडल अधिकारी डॉ. दीपक लठवाल हैं।
- YRC के दौरान स्वयंसेवकों ने पौष्टिक आहार के महत्व को बताते हुए गांव 'गढ़ी सांपला' में रैली निकाली।
- स्वयंसेवकों ने 'नशा मुक्ति अभियान' चलाया व ग्रामीणों को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया।

## *मेंटर ग्रुप*

छात्र-छात्राओं के पाठ्यक्रम सम्बन्धी समस्याओं के निदान हेतु हर सप्ताह के 'शुक्रवार' को कक्षाओं को मद्देनजर रखते हुए सभी प्राध्यापकों द्वारा रोल नम्बर के अनुसार 'मेंटर इंचार्ज' की देखरेख में मेंटर ग्रुप बनाए गए तथा पाठ्यक्रम सम्बन्धी समस्याओं का निदान महाविद्यालय स्तर पर किया जाता है।

## *छात्रवृत्ति एवं अन्य सहायता*

प्रभारी 'श्री पवन कुमार' की देखरेख में हरियाणा सरकार की अनुपालना में वर्तमान सत्र में निम्नलिखित छात्रवृत्ति प्रदान की गई -

अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए समेकित छात्रवृत्ति योजना के तहत 14000/- प्रति छात्र (कुल 66 छात्र) जोकि कुल राशि 9,24,000/-

## सत्र 2025-26 के दौरान खेल उपलब्धियाँ

1. 'विजेता', एम.डी.यू. (MDU) इंटर कॉलेज कुश्ती (FS) पुरुष चैंपियनशिप 2025-26
2. 'द्वितीय उपविजेता' (Second Runner-Up), एम.डी.यू. इंटर कॉलेज कुश्ती महिला चैंपियनशिप 2025-26
3. 'प्रथम उपविजेता' (First Runner-Up), स्टेट इंटर कॉलेजिएट कुश्ती (FS) पुरुष चैंपियनशिप 2025-26, जो जी.सी. हिसार (G.C. Hisar) में आयोजित हुई और उच्च शिक्षा विभाग, हरियाणा द्वारा प्रायोजित थी।
4. 'द्वितीय उपविजेता', एम.डी.यू. इंटर कॉलेज बॉक्सिंग महिला चैंपियनशिप 2025-26
5. 'प्रथम उपविजेता', एम.डी.यू. इंटर कॉलेज हैंडबॉल पुरुष चैंपियनशिप 2025-26
6. 'द्वितीय उपविजेता', एम.डी.यू. इंटर कॉलेज जूडो (पुरुष) चैंपियनशिप 2025-26

## ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप 2025-26 में जीते गए पदक

1. 'रोहित कुमार' (बी.ए. तृतीय वर्ष) ने 60 किग्रा भार वर्ग में कुश्ती (FS) में 'कांस्य पदक' जीता।
2. 'कार्तिक' (बी.कॉम द्वितीय वर्ष) ने 60 किग्रा भार वर्ग में कुश्ती (FS) में 'कांस्य पदक' जीता।
3. 'प्रेरणा' (बी.ए. तृतीय वर्ष) ने 81 किग्रा भार वर्ग में बॉक्सिंग (महिला) में 'कांस्य पदक' जीता।

## अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जीते गए पदक 2025-26

1. 'ईशांत कटारिया' ने एशियन U-22 बॉक्सिंग चैंपियनशिप में 'जत पदक' जीता।
2. 'चिराग' (बी.ए. तृतीय वर्ष) का 'प्रो-रेसलिंग (Pro-Wrestling)' सत्र 2025-26 के लिए चयन हुआ।
3. 'रीना' ने 55 किग्रा भार वर्ग में एशियन U-23 कुश्ती महिला चैंपियनशिप में 'स्वर्ण पदक' जीता।
4. 'सृष्टि' ने 68 किग्रा भार वर्ग में एशियन U-23 कुश्ती महिला चैंपियनशिप में 'स्वर्ण पदक' जीता।

## व्यक्तिगत उपलब्धियाँ

1. डॉ. सुरेश कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर ने तीन राष्ट्रीय संगोष्ठियों में भाग लिया। विश्व हिंदी परिषद दिल्ली द्वारा आयोजित दो दिवसीय '25-26 जुलाई, 2024)' अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध आलेख प्रस्तुत किए। मौलाना आजाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी (हिन्दी-विभाग) द्वारा आयोजित दो दिवसीय (02-03 सितम्बर, 2025) अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध आलेख प्रस्तुत किया। 'चुभते हुए फूल' पुस्तक '(ISBN: 978-93-94816-87-9)' को हरियाणा साहित्य अकादमी द्वारा सम्मानित किया गया। विभिन्न राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में सात शोध आलेख प्रकाशित हुए।
2. डॉ. दीपक लठवाल, काउंसलर, यूथ रेडक्रॉस के नेतृत्व में 4 स्वयंसेवकों ने राज्यस्तरीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लिया। यह प्रशिक्षण शिविर उज्जैन (म.प्र.) में '29 अक्टूबर से 3 नवम्बर 2026' तक आयोजित किया गया। इस शिविर में डॉ. दीपक लठवाल को 'सर्वश्रेष्ठ काउंसलर' के पुरस्कार से नवाजा गया।

## महाविद्यालय की गतिविधियाँ

1. 24 जुलाई, 2024 को महाविद्यालय में मण्डल स्तरीय कानूनी साक्षरता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रोहतक मण्डल के 21 महाविद्यालयों ने भाग लिया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वालों को क्रमश: 4100, 3100 और 2100 नकद पुरस्कार दिए गए।
2. 25 जुलाई, 2024 महाविद्यालय में बी.ए. (प्रथम वर्ष), बी.कॉम. (प्रथम वर्ष), एम.ए. व एम.कॉम. (प्रथम वर्ष) के विद्यार्थियों का ओरियंटेशन प्रोग्राम आयोजित करवाया गया।
3. 26 जुलाई, 2024 को जम्मू-कश्मीर के कारगिल में शहीद हुए जवानों की याद में 'कारगिल दिवस' मनाया गया।
4. 12 अगस्त, 2024 को महाविद्यालय में नोडल अधिकारी डॉ. अंकिता बेनीवाल की देखरेख में 'अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस' के उपलक्ष्य में 'हर घर तिरंगा' यात्रा निकाली गई। यह यात्रा NSS कैडेट के द्वारा निकाली गई।
5. 15 अगस्त, 2024 को महाविद्यालय में 'स्वतन्त्रता दिवस' मनाया गया।
6. 26 अगस्त, 2024 को महाविद्यालय में 'नारी समानता दिवस' मनाया गया।
7. 5 सितम्बर, 2024 को स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालय में 'ओरियंटेशन प्रोग्राम' एवं 'अध्यापक दिवस' मनाया गया।
8. 14 सितम्बर, 2024' को महाविद्यालय में 'हिन्दी दिवस' मनाया गया। इस दिवस के उपलक्ष्य में भाषण और निबन्ध लेखन प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई।
9. 16 सितम्बर, 2024' को भूगोल विभाग के तत्वावधान में 'ओजोन दिवस' मनाया गया। इस दिवस पर एक विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें यह बताया गया कि ओजोन परत सूर्य की हानिकारक पराबैंगनी किरणों को सोख कर पृथ्वी पर जीवन की रक्षा करती है।
10. 02 अक्टूबर, 2024 को गांधी जी की 155वीं वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में नाटक और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई।
11. 10 अक्टूबर 2024 को महाविद्यालय में 'विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस' के उपलक्ष्य में निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई।
12. 14 अक्टूबर, 2024 को महाविद्यालय में प्राध्यापक और अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में प्राध्यापकों ने छात्र/छात्राओं के अभिभावकों को उनके बच्चों की गतिविधियों से अवगत करवाया।
13. 19 अक्टूबर, 2024 (सांस्कृतिक और राष्ट्रीय दिवस) को मेहंदी प्रतियोगिता और दिवाली उत्सव मनाया गया। 31 अक्टूबर 2024 'एकता दिवस' के अवसर पर राष्ट्रीय अखण्डता की कहानियाँ छात्रों के साथ साझा की गई।
14. 01 नवम्बर, 2024 को हरियाणा दिवस, 14 नवम्बर को बाल दिवस, 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाया गया।
15. 10 जनवरी 2025 को विश्व हिन्दी दिवस, 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस (स्वामी विवेकानन्द जी की जयन्ती), 14 जनवरी को मकर संक्रांति, 23 जनवरी को सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती (पराक्रम दिवस), 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदान दिवस महाविद्यालय में मनाए गए।

16. 24.01.2025 से 30.01.2025 तक महाविद्यालय में सात दिवसीय 'NSS कैम्प' लगाया गया।

17. 21 जनवरी, 2025 को महाविद्यालय में 'युवा दिवस' मनाया गया।

18. राजकीय महाविद्यालय, सांपला में 'डॉ. दीपक लठवाल, प्रभारी N.S.S. के नेतृत्व में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने गढ़ी सांपला गांव में रैलियों के माध्यम से ''पराली न जलाएं'', ''तम्बाकू को ना कहें'' और ''जल बचाओ, जीवन बचाओ'' मुद्दों पर जागरूकता अभियान चलाए।

19. महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में 'मेधा फाउंडेशन' के सहयोग से दो दिवसीय 'फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम' आयोजित किया गया जिसमें 40 प्राध्यापकों ने भाग लिया।

## *महाविद्यालय की आवश्यकताएं*

महाविद्यालय में छात्रों के लिए 'कुश्ती मैट' व 'खेल के मैदान' की आवश्यकता है। खेल मैदान में मिट्टी का भरत करवाकर तैयार करने का कार्य करवाया जाना है जिसके लिए XEN, PWD (B&R) स्तर पर कार्य किया जाना है। महाविद्यालय में खिलाड़ियों के लिए 'बास्केट बॉल कोर्ट' व '200 मीटर की ट्रैक' बनवाने की भी आवश्यकता है तथा Sound Proof Multipurpose Hall की भी आवश्यकता है। महाविद्यालय विस्तार के लिए 'तीसरी और चौथी मंजिल' के निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजा गया था जो विभाग द्वारा मुख्य अभियन्ता भवन व निर्माण विभाग हरियाणा को बजट व नक्शा तैयार करने हेतु भेजा हुआ है।

## *आभार प्रकटीकरण*

आज के इस पावन अवसर पर मैं स्वयं तथा महाविद्यालय परिवार की ओर से आप सभी माननीय आहुत प्रबुद्ध व्यक्तियों, पत्रकार बंधु सभी को मैं धन्यवाद देना चाहता हूँ, जिन्होंने इस पावन एवं मंगल अवसर पर पहुँचकर इसकी शोभा को चार-चाँद लगाए।

मैं उन सभी छात्र/छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की शुभ कामना करता हूँ, जिन्होंने इस उपाधि को हासिल किया तथा आशा करता हूँ कि वे भविष्य में भी कठिन-से-कठिन कार्य को करने में अपनी कर्मठता का परिचय देंगे। मैं अपने समस्त अनुभवी, कर्मठ प्राध्यापक एवं समस्त कर्मचारियों का धन्यवाद करता हूँ जिनके सहयोग से ही यह 'वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह' सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इन्हीं शब्दों के साथ ही मैं आप सभी के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करता हूँ।

धन्यवाद

***डॉ० परमभूषण आर्य***
***एच० ई० एस० - 1***
***प्राचार्य, शहीद राय सिंह राजकीय महा०, सांपला (रोहतक)***

